भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1799
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

नेल्लोर शहर में बीएसएनएल के कॉल ड्रॉप

1799. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार के संज्ञान में आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के नेल्लोर शहर, कवली, गुडूर, आत्मकूर, उदयगिरी आदि के शहरी क्षेत्रों में बीएसएनएल की भारी कॉल ड्रॉप की बात आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ऐसा अधिक संख्या में कनेक्शन दिए जाने हैं अथवा ऐसा तकनीकी समस्या के कारण है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) सरकार द्वारा इस मुद्दे के समाधान और समस्या को हल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) विभिन्न सेवा गुणवत्ता (क्यूओएस) मानकों के लिए बेंचमार्क की तुलना में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन की नियमित निगरानी करता है। प्रदर्शन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार, बीएसएनएल मई, 2026 माह में आंध्र प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्रों में कॉल ड्रॉप से संबंधित सेवा गुणवत्ता मानकों के बेंचमार्क को पूरा कर रहा है, जिसमें आंध्र प्रदेश का नेल्लोर जिला शामिल है। बीएसएनएल अपने ग्राहकों की सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से मानक प्रचालन और रखरखाव कार्यप्रणालियों का पालन कर रहा है।

*****